सार-समाचार

मासिक बैठक में भजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की छटा

अजमेर, (कासं)। श्री सर्वेश्वर मित्र मंडल अजमेर की मार्च माह की मासिक बैठक गौड़ ब्राह्मण सभा भवन, रेलवे सर्कुलर रोड पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत ईश वंदना से हुई। इसके बाद महासचिव प्रवीण अग्रवाल ने पिछली बैठक की कार्यवाही का वाचन कर अनुमोदन कराया। इस अवसर पर रमेशचंद गोयल, रामप्रकाश शर्मा और अरविंद कुमार अग्रवाल का जन्मदिन मनाते हुए माल्यार्पण एवं शुभकामना पत्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए दुर्गा अष्टमी, राम नवमी, गणगौर, महावीर जयंती और हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जगदीश भंसाली ने ओम उच्चारण, हास्यासन और ताली वादन कराए तथा उनके लाभ बताए। इसके बाद डॉ. कृष्ण गोपाल गोयल, प्रवीण श्रीवास्तव, उमेश चंद गुप्ता, रामप्रकाश शर्मा, घनश्याम वर्मा, प्रमोद कुमार बंसल, नंद किशोर गर्ग, बालकिशन खंडेलवाल, प्रमोद मेहता और शैलेंद्र अग्रवाल सहित कई सदस्यों ने भजन, गीत, हास्य-व्यंग्य और ज्ञानवर्धक संस्मरण प्रस्तुत किए।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कल निःशुल्क जांच शिविर

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 2 अप्रैल को प्रातः 7:30 बजे वैशाली नगर स्थित शहीद भगतसिंह उद्यान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। क्लब के डिस्ट्रिक्ट चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेंद्र गांधी ने बताया कि शिविर में मधुमेह और रक्तचाप की निःशुल्क जांच की जाएगी। मनोज वृंदानी एवं उनकी टीम सेवाएं प्रदान करेगी। संयोजक आभा गांधी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

सैनजी महाराज की दो दिवसीय 726वीं जयंती महोत्सव 13 अप्रैल से

अजमेर, (कासं)। श्री सैन जयंती महोत्सव समिति सैनजी महाराज की दो दिवसीय 726वीं जयंती 13 अप्रैल से मनाएगी। इस अवसर पर शहर के सभी सैन मंदिरों में झण्डारोहण एवं महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। समिति के अध्यक्ष त्रिलोकचंद चौहान ने बताया कि सैन मंदिर पुरानी मंडी में 13 अप्रैल की सुबह झण्डारोहण किया जाएगा। दोपहर को महिलाओं की मेहंदी और बालिकाओं की नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता व शाम को सुंदरकाण्ड का पाठ होगा। उन्होंने बताया की 14 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो श्री सैन मंदिर पुरानी मण्डी से सुबह आठ बजे आरम्भ होकर पुरानी मंडी नया बाजार, आगरा गेट, सब्जी मंडी चौराहा, पेट्रोल पम्प, पॉवर हाऊस, अग्रेसैन चौराहे से होती हुई कचहरी रोड रेलवे बिसिट जाकर समाप्त होगी।

'हर्षोल्लास के साथ भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया'

अजमेर, (कासं)। भगवान श्री महावीर स्वामी के 2625 वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर्व के उपलक्ष्य में श्री सकल श्वेताम्बर जैन समाज का सामूहिक आयोजन जिसमे मुख्य रूप से रक्त दान, बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता व सभी वर्ग के लिये प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन व भजन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमे लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया व अपनी प्रस्तुति दी। सभी प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया। अध्यक्ष विनोद कुमार ढाबरिया, महामंत्री संदीप चपलोत व प्रकाश बाफना ने बताया कि इस कार्यक्रम को

■ सभी श्री संघो ने अपनी अनुकूलता स्वरुप अपने अपने क्षेत्रो मे सामुहिक प्रभात फेरी का आयोजन किया व प्रवचन लाभ लिया

आपसी स्नेह, सद्भाव, समन्वय की भावना को साकार रूप प्रदान करने हेतु प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सकल श्वेताम्बर समाज द्वारा महावीर जयंती पर एकता का परिचय दिया गया है। सभी श्री संघो ने अपनी अनुकूलता स्वरुप अपने अपने क्षेत्रो मे सामुहिक प्रभात फेरी का आयोजन किया व प्रवचन लाभ लिया।

इस कार्यक्रम में श्री सकल श्वेताम्बर जैन समाज व प्राज्ञ युवा मण्डल के सामुहिक तत्वावधान मे रक्त दान कार्यक्रम किया गया, जिसमें लगभग 100 यूनिट से अधिक रक्त दान हुआ, जिसमे महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। भगवान महावीर के जीवन चरित्र पर चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पूर्वांश, अवनी, द्वितीय रिषिता, आरोही एवं तृतीय रिध्धि, वैदिका रही। प्रश्नोत्तरी मे प्रथम मोक्षा, डॉ.अनिता सकलेचा, द्वितीय ईशिका, ममता चपलोत, तृतीय तपिश, अनिता कोठारी रही। निबंध प्रतियोगिता मे प्रथम काव्या, ममता, द्वितीय ईशिका, सुनीता खाबिया, शीतल गांधी, तृतीय निर्जरा, कोमल पोखरना, श्वेता सांखला रहे।

भजन प्रतियोगिता मे प्रथम काशवी, सुनील सांखला, द्वितीय अविशी, सुनीता खाबिया, तृतीय खुश, शीतल गांधी संयुक्त रूप से रहे।

प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल मे मुकेश सेठी, मनोज रांका, मुकेश चौधरी, भागचंद मांडोत, पुखराज काठेड, सम्पत नाहर ने विभिन्न आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी का चयन किया। श्री सकल श्वेताम्बर जैन समाज के अध्यक्ष विनोद कुमार ढाबरिया व महामंत्री भागचंद मांडोत ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित कर समस्त श्री संघ के सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया। इस पुनित अवसर पर श्री सकल श्वेताम्बर जैन समाज के गणमान्य सदस्य पारस मल रांका, रिखबचंद मांडोत, प्रकाश बाफना, विकास नाहर, मनोज रांका, गुमान मल बोहरा, अशोक चौधरी, राजु मेहता, सम्पत नाहर, अरुण पोखरणा, मनीष रांका, निहाल चौधरी, दौलत कोठारी, अनिल सुजन्ती, हंसराज नाबेडा व अन्य सकल जैन समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

भारत विकास परिषद अजमेर के विस्तारित फिजियोथैरेपी सेंटर का लोकार्पण

अजमेर, (कासं)। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा अजमेर द्वारा विशाल नगर पंचशील स्थित भारत विकास भवन में संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर के विस्तारित रूप का लोकार्पण एवं शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। बीते एक वर्ष से यहां आधुनिक उपकरणों के माध्यम से मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए सेंटर का विस्तार किया गया, जिसमें लाखों रुपये की लागत से अत्याधुनिक मशीनें समाजसेवी रमेश अग्रवाल के सहयोग से स्थापित की गईं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर सुरेश कुमार अग्रवाल रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में परिषद द्वारा सेवा, संस्कार और संस्कृति के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रकल्प समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

विशिष्ट अतिथि रमेश अग्रवाल ने भविष्य में भी सेंटर को आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने का संकल्प व्यक्त किया। इस दौरान खरेकड़ी में संचालित स्वावलंबन स्वरोजगार सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का संपूर्ण व्यय वहन करने पर हनुमान दयाल बंसल का सम्मान किया गया। उन्होंने परिषद के सेवा कार्यों को स्वरोजगार के लिए उपयोगी बताया। संरक्षक सुरेश गोयल ने बताया कि सेंटर से अब तक अनेक शहरवासियों को लाभ मिल चुका है और नई मशीनों से सेवाएं और बेहतर होंगी। सेवा प्रकल्प प्रभारी अशोक पंसारी ने आधुनिक उपकरणों से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। शाखा अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गोयल ने बताया कि वर्ष 2025-26 में शाखा को राजस्थान मध्य प्रांत की सर्वश्रेष्ठ शाखा का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण भी हुआ। रीजनल समन्वयक पर्यावरण दिलीप पारीक, प्रांतीय उपाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल, प्रांतीय महासचिव आनंद सिंह राठौड़ एवं प्रांतीय स्थायी प्रकल्प संयोजक सुरेश गोयल ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश जाजू ने सभी सदस्यों को साथ लेकर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

विधायक कोठारी का हॉस्पिटल दौरा

भीलवाड़ा (निसं)। भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने महात्मा गांधी अस्पताल परिसर में विद्युत व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए जाने को लेकर एवीवीएनएल अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारियों तथा एमजी हॉस्पिटल के पीएमओ डॉ. अरुण गौड को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विधायक कोठारी ने अस्पताल परिसर में बिजली व्यवस्था को मजबूत करने, गर्मी को देखते हुए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा मरीजों और चिकित्सकीय सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने देने पर विशेष जोर दिया।

भगवान महावीर स्वामी के जन्मदिवस पर भव्य प्रभातफेरी निकाली

अजमेर, (कासं)। वैशाली नगर जैन श्वेताम्बर संस्था द्वारा अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी के 2625 वें जन्मदिवस पर मंगलवार को प्रातः 6:30 बजे भव्य प्रभातफेरी निकाली।

प्रभातफेरी पार्श्वनाथ कॉलोनी स्थित स्थानक भवन से प्रारंभ होकर दिगंबर जैन मंदिर, पद्मावती मार्ग, नवरत्न मार्ग, शांतिपुरा, एलआईसी कॉलोनी, होटल मानसिंह, मुख्य मार्ग, रैंबुल रोड होती हुई आनासागर लिंक रोड पर समाप्त हुई। प्रभातफेरी का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। प्रभातफेरी में श्रावक सफेद वस्त्र एवं श्राविकाएं चूंदड़ी पहनकर भगवान महावीर के सिद्धांतों सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अस्तेय, जीओ और जीने दो के संदेश के साथ जैन धर्म की जयकारे लगाती चल रही थी। पुरुष हाथों में स्लॉगन की तख्तिया लेकर चल रहे थे। प्रभातफेरी में वैशाली संस्था के अध्यक्ष उम्मेदमल चौपड़ा, सचिव रमेश सिंघी सहित मेघराज खींवसरा, मिलपचंद रांका, मोहनलाल, हेमराज कोठारी, सुधीर, गजेन्द्र, प्रदीप, मुकेश सकलेचा, सुरेशमल कुमठ, डॉ. पीसी जैन, राजेश जैन, सुनील सुराना, डॉ. सीपी पोखरणा, प्रकाश भंडारी सहित सैकड़ो महिलाएं, बच्चे शामिल थे।

'जेएलएन अस्पताल के बाहर अवैध पार्किंग से एम्बुलेंस संचालन प्रभावित'

अजमेर (कासं)। संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के आपातकालीन विभाग के बाहर अव्यवस्थित और अवैध पार्किंग एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। अस्पताल में आने-जाने वाली एम्बुलेंसों को यहां भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

■ बार-बार शिकायतों के बावजूद नहीं थम रही समस्या, सड़क संकरी होने से मरीजों की जान पर बन रही आफत

जेएलएन अस्पताल, अधीक्षक अरविंद खरे ने बताया कि अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर चारपहिया वाहनों और एम्बुलेंसों को बेहतरीब तरीके से खड़ा कर दिया जाता है। इससे सड़क संकरी हो जाती है और कई बार हालात ऐसे बन जाते हैं कि मरीजों को लेकर आ रही एम्बुलेंस बीच रास्ते में ही फंस जाती हैं। समय पर उपचार नहीं मिलने की आशंका के चलते यह स्थिति मरीजों की जान के लिए खतरा बन रही है। अस्पताल प्रशासन ने इस समस्या को लेकर कई बार नगर निगम को अवगत भी कराया है। निगम द्वारा समय-समय पर कार्रवाई कर अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाया भी जाता है, लेकिन कुछ ही समय बाद फिर से वही स्थिति बन जाती है। स्थायी समाधान के अभाव में यह समस्या जस की तस बनी हुई है।

पुण्यतिथि मनाई

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। वीर गुर्जर युवा मंडल की और से कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। बैसला चौक सांवतसर स्थित मूर्ति के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सभापति जगदीप सिंह गुर्जर, युवा मंडल अध्यक्ष जयराम गुर्जर, देव सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष धनजी तेडवा, शिक्षक जगमाल गुर्जर व पूर्व अध्यक्ष श्योजीराम चौहान ने कर्नल किरोड़ी के जीवन पर प्रकाश डालकर उनके द्वारा बताए हगये मार्ग पर चलने का आव्हान किया।

NAME CHANGE

I, Kumari Rageeni, Daughter of Army No.18002243Y, Hav, Akshay Kumar Singh, Residing at Dhanari, Zamania, Ghazipur, U.P. 232330 have change my name from Rageeni to Kumari Rageeni vide affidavit no. CF 311121 dt 31/03/2026 at court campus Nasirabad

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन आर्थॉरिटी राजस्थान सरकार के आदेश क्रमांक File no. RJ/25/SEAC2(06)/ MIN/ EC/1073/Cat.B1/2024-25 Jaipur, Dated-18/03/2026 के द्वारा मेसर्स युवराज सिंह पोसवाल, पता पोस्ट खिरनी, तहसील-मलारणा, डूंगर, खिरनी, जिला- सवाईमाधोपुर (राज.) को निकट ग्राम-जालिया॥, तहसील बिजयनगर, जिला ब्यावर (राज.) में स्थित प्लॉट नंबर 07, क्षेत्रफल 48.1556 हैक्टर, वास्ते खनिज रिवर बेड सेंड (बजरी) के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति की प्रति SEIAA, एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय पर जन साधारण के लिए उपलब्ध है।

मेसर्स युवराज सिंह पोसवाल

अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर

लोक सुचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजीव शर्मा पुत्र प्रभाकर शर्मा निवासी शास्त्री नगर अजमेर राजस्व ग्राम लोहागल के खसरा नं. 917/927/1835 भू.सं. 1 जिसका क्षेत्रफल 140.97 वर्गगज भू.सं. जिसका क्षेत्रफल 125.08 वर्गगज भू.सं. 3 जिसका क्षेत्रफल 113.89 वर्गगज भू.सं. 4 जिसका क्षेत्रफल 204.81 वर्गगज भू.सं. 11 जिसका क्षेत्रफल 112.50 वर्गगज भू.सं. 12 जिसका क्षेत्रफल 138.94 वर्गगज भू. सं. 13 जिसका क्षेत्रफल 153.12 वर्गगज भू.सं. 14 जिसका क्षेत्रफल 182.68 वर्गगज भू.सं. 15 जिसका क्षेत्रफल 185 वर्गगज कुल 9 भूखण्डों की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।

- उपायुक्त, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पीरू मोहम्मद पुत्र श्री उस्मान मंसूरी जाति मुसलमान निवासी राजनगर बिजयनगर जिला ब्यावर का प्लाट वाके ग्राम चौसला बिजयनगर तहसील बिजयनगर जिला ब्यावर मे स्थित भूमि खसरा नंबर 4018 मे विद्यमान प्लाट नंबर 01 है जो कि श्री पीरू मोहम्मद ने जरिये नोटेरीशुदा बेचान इकरारनामा दिनांक 30,/12,/2025 को श्री उस्मान मंसूरी पुत्र श्री अलाद्दीन मंसूरी से खरीद किया है जिसके चैन दस्तावेज मे बयनामा दिनांकित 25,/05 / 1985 (तुर्राब मोहम्मद के द्वारा उस्मान मंसूरी को विक्रय किया गया) गुम हो चुका है जिसकी काफी तलाश करने पर भी नही मिला है जिस संबंध मे श्री पीरू मोहम्मद द्वारा ऑनलाईन गुमशुदगी रिपोर्ट जरिये एलआर नंबर 3101026 / 2026 दिनांक 30,/03,/2026 को दर्ज करवाई जा चुकी है।

पीरू मोहम्मद,
निवासी राजनगर
बिजयनगर मो.-7737553050

आम सूचना

मैं मेरे पक्षकार श्री सुनील कुमार जाला पुत्र श्री सोहनलाल जाला निवासी म.नं. 113, आदर्श नगर, अजमेर मो.नं. 9331010131 के निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि दिनांक 19.03.2026 को मेरा पक्षकार अपने आदर्श नगर अजमेर स्थित मकान से अपनी सम्पत्ती प्लाट संख्या-113 आदर्श नगर अजमेर का अपने पिता श्री सोहनलाल जाला के हक में श्री बसन्ती राम पुत्र श्री सूरजमल अग्रवाल द्वारा निष्पादित असल पंजीकृत विकय पत्र दिनांक 01 फरवरी 1960 व आदर्श नगर कोपरेटिव हाउसिंग सोसायटी अजमेर द्वारा श्री बसन्तीराम पुत्र श्री सूरजमल के हक में निष्पादित असल पंजीयत बैनामा दिनांक 16.06.1937 पंजीकृत को लेकर जा रहा था जा रास्ते में कही गिर गये है जो काफी प्रयास करने के बावजूद भी नहीं मिलें हैं अतः यदि किसी भी व्यक्ति को मेरे पक्षकार की सम्पत्ति के उक्त असल दस्तावेज मिले हों तो मेरे पक्षकार को उक्त पते पर लौटाने की कृपा करें ।

भवदीय- दिनेश कुमार मेहरा, एडवोकेट,
मो.-9414893246

BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference

Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 18000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

Programmes offered

ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. Integrated* (Comp. Sc./Mechatronics)*
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Comp. Sc./IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design) | **M.Tech.** (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)
Diploma (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics)*

MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats/Data Science)
BCA/BCA Hons./BCA Hons.(AI/Data Analytics)$/ **BCA Hons. with Research** (AI/Data Analytics)$
M.Sc. (Computer Science) | **M.Sc.** (Physics)
M.Sc. (Data Science) | **M.Sc.** (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
MCA/PGDCA

ARCHITECTURE & PLANNING
B.Arch.+

LAW
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

LIFE SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Biotechnology) | **B.Pharm.***
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry) | **M.Sc.** (Microbiology)
M.Sc. (Botany) | **M.Sc.** (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) | **M.Sc.** (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)

EARTH SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) | **M.Sc.** (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

MANAGEMENT STUDIES
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$
MBA (Integrated) | **BSW** | **M.Com.**
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

FINE ARTS
M.A. Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting, **MPA**#, **BPA**#
B.V.A. Painting#

AVIATION
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

DESIGN
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) | **M.Des.**

JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Hindi, Sanskrit, English, German, French, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

EDUCATION
ITEP B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.* (Secondary/Middle), **B.Ed., M.Ed.**

HOME SCIENCE
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

NURSING
B.Sc. Nursing*

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test/NCET.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
Ph.D. : Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$**Lateral entry also available**
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269
Toll Free 1800-270-5855

Admission 2026-27
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to Approved
LAST DATE FOR APPLICATION
30 April, 2026

SCHOOL EDUCATION DIVISION
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

Enquiries can be made at
- **For general enquiry:** +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
- **For UG/PG Admissions:**
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

How to Apply
For each programme a separate application is required through either:
Option 1 : Online submission of application at the University's website: **http://www.banasthali.org** or
Option 2 : Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of **"Banasthali Vidyapith"** Payable at Banasthali/Jaipur to: **Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)**
Scan to explore

Scholarships
The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at **http://www.banasthali.org**
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA